## पांढुर्णा में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री एवं सांसद का पुतला फूंका, ज्ञापन सौंपा



**पाण्ढुर्णा, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय में गुरुवार को तीन शेर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छिंदवाड़ा-पांढुर्णा लोकसभा सांसद विवेक बंटी साहू के विवादित बयान जब पुलिस कमलनाथ को डंडे मारेगी तो कहां जाएंगे को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश देखने को मिला। इस बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद विवेक बंटी साहू का पुतला जलाया।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर सांसद बंटी साहू द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी और मध्यप्रदेश के मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहे जाने के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुतला जलाने से रोकने का प्रयास किया, जिससे कार्यकर्ता भड़क उठे। उ

न्होंने पुलिस पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भाजपा नेता कांग्रेस के नेताओं का पुतला दहन करते हैं, तब पुलिस कोई रोक-टोक नहीं करती, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पूरा पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बावजूद इसके कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे।प्रदर्शन में पांढुर्णा विधायक निलेश उइके, सौंसर विधायक विजय चौरे, चौरई विधायक सुजीत चौधरी और जुन्नादेव विधायक सुनील उइके समेत छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिला कांग्रेस अध्यक्षों की उपस्थिति रही। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया।

सौंसर विधायक विजय चौरे ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। उन्होंने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए सांसद विवेक बंटी साहू और मंत्री प्रह्लाद पटेल के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की।

## होली पर्व को लेकर थाना मोहखेड़ में शांति समिति की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 6 मार्च 2024, दिन गुरूवार को थाना मोहखेड़ में होली उत्सव पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

इस अवसर पर तहसीलदार मोहखेड़, थाना प्रभारी मोहखेड़ एवं जन प्रतिनिधियों में मदन साहू, फैयाज खान, सूरज सोनघरे, मनोज साहू, मोनू साहू, सुदामा ढोबले, दीनदयाल यदुवंशी, कमलकांत साहू, जाकिर अली, पंकज कुसनेकर, जगदीश पांडे, विनोद सुनेजा, गुलाब पवार, मुकेश कोटवार, एम.पी.ई.बी से श्री पाटिल थाना मोहखेड़ से रमेश यादव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी ने एक मतेन जबरन चंदा वसूली नहीं करने तथा जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाने की बात कहते हुए पर्व को शांति एवं सौहर्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि होली जलाने के लिए हरे भरे पेड़ पौधों को न कांटे कंडे की होली जलाऐं और प्राकृतिक रंगो से होली खेले।



## आईडीए ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस पर दिव्यांग बच्चों का किया चेकअप, बांटा पेस्ट व पेन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आई.डी.ए. सतपुड़ा शाखा द्वारा राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस (नेशनल डेंटिस्ट डे) के उपलक्ष्य में सी.डी.एस.एन. छात्रावास चन्दंगांव में दिव्यांग बच्चों के साथ केक्र कांटा एवं स्वल्पाहार के साथ मनाया गया, साथ ही बच्चों को टूथ पेस्ट एवं पेन वितरित किए गए तथा बच्चों का नि:शुल्क दांत परीक्षण कर उन्हें दंत सुरक्षा की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में आई.डी.ए. प्रेसिडेंट डॉ. प्रिया भूतड़ा, सचिव डॉ. सोनल सिंह, डॉ. मेघा जैन, डॉ. अनुष्का तिवारी, डॉ. अनिश्री चण्डक उपस्थित रही। छात्रावास सहायक अधीक्षक भगत, हेमवती झरिया एवं नीतीश लिखितकार का विशेष योगदान रहा ।

### सार-समाचार

## नीता वर्मा ने उत्तीर्ण की सेट परीक्षा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग में जनभागीदारी शिक्षिका नीता वर्मा पारसे ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य पात्रता परीक्षा सेट उत्तीर्ण कर ली है। उन्होंने हिन्दी साहित्य विषय में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। विदित हो कि नीता वर्मा रंगकर्मी भी हैं जो विगत 16 वर्षों से नाट्यगंगा संस्था के साथ कार्य कर रही हैं। उनकी इस सफलता के लिए परिवारजनों, सभी गुरुजनों और शुभ चिंतकों ने शुभकामनाएँ दी हैं।

## पंजाबी समाज महिला मंडल का नि:शुल्क हर्बल हेल्थ चेकअप कैंप कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पंजाबी महिला समाज की अध्यक्ष सविता राजपूत ने बताया कि महिला कीर्तन मंडल, पंजाबी समाज की महिला मंडल छिन्दवाड़ा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कल 8 मार्च 2025 को महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नि:शुल्क हर्बल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नीता सरोज मागो के निवास बालाजी प्लाजा के पास, नरसिंहपुर रोड छिंदवाड़ा में दोपहर 3.30 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति ने शहर की सभी मातृशक्ति से अपील की है कि इस हेल्थ कैंप में भाग लेकर इसका लाभ लेवें।

## भ्रामक जानकारी फैलाने पर नगर पालिक निगम करेगा कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विगत दिवस अमृता कंस्ट्रक्शन के संजीव चौधरी द्वारा आवेदन देकर एवं बताया गया कि अमृता कंस्ट्रक्शन के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य किए गए जिसका पूर्ण भुगतान उन्हें नहीं किया गया है। इस संबंध में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि अमृता कंस्ट्रक्शन द्वारा वित्तीय वर्ष में लगभग 16 लाख रुपए का कार्य किया गया है जबकि इन्हें अलग-अलग राशियों में कुल 7,06,647/- रुपए का भुगतना किया गया है। माह फरवरी में ही इन्हें एक लाख रुपए का भुगतान नगर निगम द्वारा किया गया है। नगर निगम में लगभग 300 से अधिक ठेकेदार शहर में विभिन्न निर्माण कार्य को करते है। सभी का भुगतान राशि की उपलब्धता के अनुसार निकाय द्वारा किया जाता है। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा इस प्रकार भ्रामक जानकारी देने एवं भयदोहन करने पर अमृता कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले के नाम एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है जिले की जानी मानी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पवन नेमा का चयन 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य 2024.25 मे उत्कृष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के लिये सम्मानित किया है अंतर्राष्ट्रीय स्तर मे श्बंधत्व एवम जन्मजात विकृति से बचाव हेतु बीज संस्कार श् जेसे वैश्विक स्तरीय विषय का चयन कर आयुर्वेद के क्षेत्र मे बड़ी उपलब्धि हासिल की है जिसमे छिन्दवाड़ा से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पवन नेमा का चयन हुआ है द्य योग प्रशिक्षक डॉण्पवन नेमा सहित जिले के आयुर्वेद जगत ने डॉण्रश्मि नेमा को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं डॉण् रश्मि नेमा ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय परिवार और गुरुजनो के मार्गदर्शन को दिया है द्य

## छिंदवाड़ा शहर में शनिवार को यहां नहीं आएंगे नल, कल भर लें जल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मेंटेनेंस के चलते शनिवार को निगम क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी। दिनांक 08 मार्च 2025 सुबह 9 बजे से 09 मार्च 2025 रात्रि 12 बजे तक जम्होड़ीपंडा पाइप लाइन का लीकेज मेंटनेंस प्रस्तावित किया गया है। जिसके कारण धर्मटेकरी वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट बन्द रहेगा। उपरोक्त समय मे शिक्षक कॉलोनी, ढिमरीढाना, सारसवाड़ा, खापाभाट, कुकड़ा जगत, सर्वोत्तम नगर क्षेत्र, लहगडुआ, सोनाखार, बोहता, लालबाग, श्रीवास्तव कॉलोनी, कुसमेली, अजनिया, परतला, पोआमा, बोरिया, सोनपुर, सिवनी प्राणमोती सहित वार्ड 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 16, 22, 24, 28, 30 एवं 48 की पेयजलापूर्ति प्रभावित होगी।

## अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें छात्राएं : प्राचार्य





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लक्ष्मीनारायण पेञ्चव्हेली शासकीय महाविद्यालय परासिया में प्राचार्य अशोक कुमार बरसिया के संरक्षण, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अमिता ब्यौहार के निर्देशन एवं संचालन डॉ. सीमा सूर्यवंशी की विषय विशेषज्ञता में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें व्याख्यान माला का विषय महिलाओं को सशक्त बनाने मे परिवार एवं समाज भूमिका था।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं को ही खुद के अधिकारों के लिए सचेत होना होगा। डॉ. सीमा सूर्यवंशी द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्र- छात्राओं के लिए व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमे उन्होने अपने व्याख्यान में कहा- पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के साथ ही प्राचीन शसक्त नारियों से लेकर आधूनिक सशक्त नारियों के उदाहरण प्रस्तूत कर संविधान में उदृत महिलाओं के अधिकारों से संबंधित अधिनियम को भी स्पष्ट किया।

हमें आवश्यकता है दोनो पहलू को सशक्त बनाने की क्योंकि एक के आभाव में समाज विकलांग/लंगड़ा हो जाएगा। इसके लिए स्त्री-पुरुष दोनों को साथ हाथ से हाथ मिलाकर परिवार एवं समाज के समक्ष आना होगा।

डॉ. ख्याती सोनी द्वारा के आभार व्यक्त किया गया तथा आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. नीलेश मेश्राम, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. एल.एन. वारापाथरे, वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक एस. व्ही.के. सिंग,ी कार्तिक चौरसिया एवं अन्य विभाग के प्राध्यापकों की उपस्थिति से कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## नेशनल लोक अदालत का बिछुआ में प्रचार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुपेश कुमार मिश्रा, विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागडे के मार्गदर्शन में लोक अदालत का प्रचार बिछुआ में किया गया।

इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामलराव ने उपस्थित मजदूरों को बताया की जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी के साथ 8 मार्च 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत मे विभिन्न विभागों एवं अन्य मामलो मे समझौता योग्य आपराधिक, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी केसेस, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं वाटर बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, सर्विस मैटर, राजस्व प्रकरण, प्री-लिटिगेशन मामले संबंधी विवादों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाता है।

वहीं न्यायालय मे चल रहे मामलों का सुलभ निराकरण व समझोता योग्य मामलो का सुलभ निपटान कराने की अपील की है। प्रचार प्रसार की कड़ी मे पेरालीगल वालेंटियर यश्विनि बाचेकर द्वारा लोक अदालत के पांपलेट का वितरण उपस्थित मजदूरों को किया गया।

## शीघ्र ही शुरू होंगी तीन कोयला खदानें

### सांसद की पहल पर कोयलाचंल में फिर लौटेगी रौनक, केन्द्रीय वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मिली स्वीकृति



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा पांढुरना में विकास की गति को रफ्तार देने के लिए सतत प्रयास कर रहे सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर अब एक नई उपलब्धि हासिल हुई है। सांसद श्री साहू के प्रयासों से कोयलांचल क्षेत्र में फिर से रौनक लौटने वाली है। कोयलांचल क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या के निदान के लिए श्री साहू सतत् प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि अब नई खदानें मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानें जल्द शुरू होगी इसके लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।

दरअसल पिछले दिनों सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी एवं केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर नई खदानों को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया था। इसी परिप्रेक्ष्य में दिल्ली में 5 मार्च को वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एफ.ए.सी. की बैठक आयोजित की गई जिसमें मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के बाद वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दोनों ही खदानों के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु कुछ शर्तों के साथ अनुशंसा कर दी है। जिसके पश्चात खदानों को संचालित किया जा सकेगा।

कोयलांचल क्षेत्र में लंबे समय से खदानें खोलने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा होती रही है। सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा खदानों को खोलने के लिए लगातार प्रयास किये गए। इसी का परिणाम है कि इन दोनों खदानों को खोलने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। इस संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में छिंदवाड़ा में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि छिंदवाड़ा में वर्षों से लंबित पड़े कई विकासोन्मुखी कार्य शुरू हो रहे है। छिंदवाड़ा में अन्य कई कार्यों को भी केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल्द ही शुरू किया जायेगा।

मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानों को शुरू करने के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति दिलाने पर सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कोयला मंत्री किसन रेड्डी एवं केन्द्रीय पर्यावरणए वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया।

## पातालेश्वर धाम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित किया पावन गंगाजल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संकट मोचन भगवान हनुमान जी महाराज के परम भक्त धर्मानुरागी पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा प्रयागराज महाकुंभ से लाया गया पतित पावनी मां गंगा का जल श्रद्धा भाव के साथ शहर के पातालेश्वर धाम में अर्पित किया गया। शिव लिंग पर जल अर्पित कर कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने सर्व कल्याण के लिए प्रार्थना की।

सर्वविदित है कि नकुलनाथ ने विश्व विख्यात आस्था व संस्कृति के केन्द्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र, म.प्र. व देश के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की थी। उन्होंने अपनी मनोकामना के अनुरूप त्रिवेणी संगम से पावन गंगा जल अपने साथ लाया और जिले के निर्धारित दस मंदिरों में उसे अर्पित करने का संकल्प लिया था। उनकी आस्थानुरूप कांग्रेस परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार निर्धारित मंदिरों में गंगा जल अर्पित किया जा रहा है। इसी क्रम में कांग्रेसजन ने सिद्ध पातालेश्वर धाम पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर गंगा जल अर्पित किया साथ ही महा आरती कर समस्त जन मानस के लिए खुशहाली मांगी।

आयोजित कार्यक्रम में आनंद बक्षी, पप्पू यादव, राजेन्द्र शर्मा, अजय सिन्हा, टिंकू राय, राजेश सोनी, दीपा यादव, पुष्पेन्द्र चौधरी, आरिफ ठाकुर, राजेश चौधरी, शैलेष ठाकुर, गणेश चौबे, संदीप दीक्षित, बबलू बैस, अनिल यादव, सचिन दुबे, अरूण शर्मा, पप्पू साहू, प्रशांत नायक, किशोर चौरसिया, अजय ठाकुर, रमेश बेले, आम्रपाली नारनवरे, ज्योति डेहरिया, ममता चौखे, साक्षी चौबे, उषा घोगरे, नजमा बी, विनीता सोनी, शैलेन्द्र नारनवरे, अर्जुन बघेल, मुकेश उपाध्याय, बंटी शुक्ला, विजय इंगोले, नारू सोनी, संजय मेहरा, शक्ति डोले, अजय उइके, विजेन्द्र शुक्ला, अरूण मंडरा, राजा मेहरोलिया, अजय मिश्रा, दिनेश यादव, गौरव श्रीवास्तव, अजब यादव, अजय डहेरिया, पवन चौबे, निखिल सोनी, स्वप्निल शर्मा, अनिल यादव, चिंटू तारकेश्वर काले, रमेश खोबरिया, शिवराम पांदराम, कचरा देवी कुशवाह, प्रदीप जांघेला, बिट्टू तिवारी, पिंकी चौधरी, नीलम चौधरी, श्रद्धा मेश्राम, राजेन्द्र दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## शारदा खदान परिसर में प्रतिमा स्थापना

**गुढ़ी अंबाड़ा , देशबन्धु।** कन्हान क्षेत्र के उपक्षेत्र अंबाड़ा के अंतर्गत आने वाली भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में शारदा खदान के अधिकारी व कामगारों के सहयोग से नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा एवं मां शारदा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

6 मार्च गुरुवार को सुबह से ही पूजन पाठ व हवन पूजन किया गया तत्पश्चात मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई उसके बाद दोपहर 3.00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालु भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

गौरतलब है कि भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में मंदिर का नव-निर्माण किया गया जिसमें प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए 2 मार्च को जल कलश यात्रा निकाली गई उसके बाद विधि विधान से विभिन्न आयोजन किए गए एवं 5 मार्च को प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया एवं 6 मार्च को प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा करने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन उपक्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र कुमार सोनी, खान प्रबंधक स्वप्निल अवस्थी के नेतृत्व में शारदा खदान के अधिकारी कर्मचारी व श्रमिक संगठन के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





# जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

## कलेक्टर ने शासन के निर्देशों के अनुसार लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए अधिकारियों को



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, सी.एम. हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखते हुये समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित निकायों को इसे बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने दमुआ, हर्रई, चांदामेटा, न्यूटन चिखली और बढ़कुही के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को बकायादारों से वसूली नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा चांद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को प्रोफाइलिंग कार्य में प्रगति शून्य होने पर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हर्रई के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आगामी बैठक से पहले निर्माणाधीन आवास पूरे करने के निर्देश दिए हैंए जबकि अन्य निकायों को 98 प्रतिशत आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिया। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत पूर्व से स्वीकृत प्रकरणों के वितरण के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने डी.एन.यू.एल. एम. योजना के अंतर्गत शहरी स्वरोजगार योजना में लक्ष्य प्राप्त होने पर संतोष व्यक्त किया। वहीं राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए संपत्तियों का सर्वेक्षण कर चिन्हांकन करने और बकायादारों की संपत्तियों की कुर्की करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अवैध नल कनेक्शनों को हटाकर वैध कनेक्शन देने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सी एम हेल्पलाइन के अंतर्गत सभी नगरीय निकायों को अगले माह ए ग्रेड लाने के लिए निर्देशित किया है। वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत सभी निकायों को थ्री स्टार रेटिंग प्राप्त करने और प्लास्टिक पन्नी प्रतिबंधित करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को आगामी समीक्षा बैठक में शासन के निर्देशों के अनुसार कार्य करने और निर्धारित लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिये गये।

# जनजातीय कार्य विभाग में कैंसर पीड़ित आदिवासी महिला 27 वर्षो से सरेंडर लीव की राशि के लिए कर रही मिन्नत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश संयोजक भुवनलाल मालवीय ने बताया कि वर्तमान में शासकीय कन्या छात्रावास लहगडुआ अमरवाड़ा में रसोईया के पद पर पदस्थ अनारबती कुमरे पति स्व. रमेश कुमरे जो कि वर्तमान में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है। उनके पति की मृत्यु विभाग में रहते हुए वर्ष 1998 में हुई और 1999 में उन्हें जिला कलेक्टर दर पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई।

वर्ष 2019 में 24 दिन के अनशन पश्चात महिला को वर्ष 2020 में 1999 से अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देते हुए 2020 में नियमित वेतनमान पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई, परंतु सरेंडर लीव की राशि के लिये पीड़िता विगत् डेढ़ वर्ष 18 माह से 12 बार जन सुनवाई में, 7-8 बार सीएम हेल्पलाइन में आवेदन देने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई।

इससे मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान आदिवासी विधवा शासकीय विभाग में कार्यरत पीड़िता आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का सामना कर रही है। चिकित्सकों ने अंतिम स्टेज पर फैलने का बोलकर इलाज से मना कर दिया है। बावजूद जनजातीय विभाग में बैठे अधिकारी कर्मचारी उन्हें सरेंडर लीव की राशि का भुगतान करने तैयार नहीं है। मालवीय ने कहा कि ऐसी स्थिति में उक्त आदिवासी महिला के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर इसकी समस्त जबावदारी जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सत्येन्द्र मरकाम एवं संबंधित कर्मचारियों की होगी ।

## सार-समाचार

### केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा पहली एवं बालवाटिका में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक- 1 छिंदवाड़ा के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 5 मार्च 2025 को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश एवं समय सारणी जारी कर दी गई है । कक्षा पहली एवं बाल वाटिका- 03 में अपने बच्चों के प्रवेश लेने की इच्छा रखने वाले अभिभावक ऑनलाईन मोड में 7 से 21 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं ।

प्राचार्य श्री धारकर ने यह सुझाव दिया है कि आवेदन करते समय सभी अनिवार्य प्रमाणपत्रों को साथ रखना चाहिए जैसे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सेवारत अभिभावक का सेवा प्रमाण पत्र, अभिभावक का पता संबंधित प्रमाण आदि। शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत बीपीएल का लाभ लेने की पात्रता केवल उन बच्चों को होगी जिन बच्चों के माता अथवा पिता के नाम पर ही बीपीएल राशन कार्ड एवं संबंधित प्रमाण पत्र होंगे, दादा-दादी अथवा नाना-नानी के नाम पर जारी बीपीएल कार्ड के आधार पर बीपीएल का लाभ नहीं लिया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया अत्यंत सावधानीपूर्वक एवं समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि आवेदन किसी भी स्थिति में निरस्त ना हो।

### नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कल प्रात: साढ़े दस बजे से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशांत हुद्दार की अध्यक्षता में 08 मार्च शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ए.डी.आर. भवन छिन्दवाड़ा में प्रात: 10.30 बजे नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण छिंदवाड़ा भूपेश कुमार मिश्रा ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### विकासखंड स्तर पर पंजीयन शिविर का आयोजन आज से 29 मार्च तक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक छिंदवाड़ा रेखा अहिरवार ने बताया कि सिस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड सी.ओ., आर.टी., जशापुर द्वारा छिन्दवाडा/पांढुर्णा जिले में पात्र बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये सिक्युरिटी गार्ड/सुपरवाईजर की भर्ती के लिये विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। पंजीयन शिविर में पदों की भर्ती के लिये शैक्षणिक योग्यता 10वीं या उससे अधिक, शारीरिक मापदण्ड- आयु 21 से 35 वर्ष, ऊँचाई 168 से.मी. से अधिक एवं वजन 56 से 90 कि.ग्रा. होना आवश्यक है। शेष शर्ते भर्ती अधिकारी एवं कम्पनी के मापदण्ड अनुसार रहेगी।

### शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में रोजगार मेला 17 मार्च को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला रोजगार अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि वृहद युवा संगम जॉबफेयर (रोजगार मेला) अप्रेन्टिशिप मेला, स्वामी विवेकानंद कैरियर अवसर मेला एवं स्वरोजगार मेला संयुक्त रुप से शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में 17 मार्च 2025 को प्रात: 10.30 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें अनेक प्रकार की प्रायवेट कम्पनियां उपस्थित रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी 17 मार्च 2025 को प्रात: 10.30 बजे अपने सभी दस्तावेज एवं रिज्यूम के साथ शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

### कक्षा दसवीं के संस्कृत व 12वीं की ड्राइंग एंड डिजाइनिंग की परीक्षा सम्पन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। गुरूवार को 161 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 10वीं के संस्कृत विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई।

# जिला चिकित्सालय में आज सांसद लेंगे बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू आज शुक्रवार 7 मार्च 2024 को छिंदवाड़ा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में बैठक लेते हुए यहाँ चल रहे कार्यो एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय परिसर में ही स्थित जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण भी करेंगे।

दोपहर 12:30 बजे ग्राम जमुनिया में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए टिफिन पार्टी में शामिल होंगे। शाम 4 बजे ग्राम तेंदनी (सिंगोड़ी) में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर टीमों को पुरूस्कृत करेंगे वहीं शाम 5 बजे ग्राम चारगांव (अमरवाड़ा) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होंगे की जानकारी सांसद कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# तहसील कार्यालय चांद में मिलीं खामियां



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 6 मार्च, दिन गुरूवार को जिले की तहसील चांद के तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न फाइलों की जांच की और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यालय में कई लापरवाही पाईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को सुधार के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने विशेष रूप से फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया और निर्देश दिए कि इसे शीघ्र बढ़ाया जाए। उन्होंने पटवारियों को सख्त हिदायत दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसान पंजीयन की प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं होती है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान एस.डी.एम. चौरई प्रभात मिश्रा, तहसीलदार शोभना ठाकुर व नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

# जिले में पहली बार केले की खेती का नवाचार, उमरढ़ पहुंचे कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में हो रही केल की खेती का नवाचार कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज देखा गया। विकासखंड छिंदवाड़ा के ग्राम उमरढ़ में केल की 8 से 10 एकड़ में खेती कमलनाथ उर्फ घनानंद पटेल पिता भूरेलाल पटेल द्वारा की जा रही है। केल गोभीवर्गीय कुल की सब्जी है, जो कि ठंडे इलाके में होती है। छिंदवाड़ा जिले में भी इसका होना जिले के लिए एक नई संभावना हो सकती है।

इसका प्रयोग सलाद, सब्जी, केल पाउडर आदि के रूप में प्रयोग किया जाता है। विशेष तौर में केल में एंटी कैंसर तत्व, खनिज, कोलेस्ट्रॉल, वजन एवं रक्त शर्करा को कम करने का कार्य करती है। इसे लगाने का उपयुक्त समय मध्य सितंबर से मध्य अक्टूबर के बीच का है। साथ ही इसकी उपज 10 से 12 टन प्रति एकड़ प्राप्त की जा सकती है।

बड़े शहरों में इसकी कीमत 200 से 300 रूपये प्रति किलो की दर से है। साथ ही केल पाउडर की कीमत 1500 से 2000 रूपये प्रति किलो तक मिलती है। इसका एक महीने का तैयार रोपा खेत में लगाया जाता है तथा इसकी पहली तूड़ाई रोपाई के 55 से 70 दिन के बाद की जा सकती है।

इसके बाद प्रगतिशील कृषक संदीप रघुवंशी के यहां कलेक्टर श्री सिंह द्वारा हाईटेक नर्सरी एवं हाईटेक विद्युत पंप के साथ ही केल की खेती का अवलोकन किया गया। प्रगतिशील कृषक द्वारा सब्जियों की नर्सरी तैयार कर छिंदवाड़ा जिले के साथ ही अन्य जिलों में भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस नवाचार से कृषक का वर्ष भर का टर्नओवर एक से डेढ़ करोड़ के बीच होता है।

इस दौरान जिले के उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.सी. शर्मा, उप संचालक उद्यानिकी एम.एल. उईके, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव, वैज्ञानिक रिया ठाकुर, अनुभागीय कृषि अधिकारी नीलकंठ पटवारी, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री उईके, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जगन्नाथ कुमरे, सुधीर शर्मा एवं ग्राम के अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।



# पूर्व राज्यपाल ने किया मातृशक्तियों को सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मंगल बेला पर सामाजिक संस्था आधार फाउंडेशन एवं सक्षम ने छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में जिले की मातृ शक्तियों को सम्मानित कर उन्हे सम्मानित किया।

सुंदर एवं सफल आयोजन की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके, विशेष अतिथि प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सह-संचालिका बी.के. शक्ति दीदी उपस्थित रही तथा अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन की, जिनका आधार एवं सक्षम की ओर से इंजी. महेश किंथ एवं सरिता पांडे ने आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर आधार के दिव्यांग बच्चों ने सुंदर स्वागत गीत सहित मंगलाचरण प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया, सभा का संचालन वंशिका जैन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके ने आयोजन की सराहना कर सभी मातृ शक्तियों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी ओर अपना जीवन परिचय सुनाकर सभी को अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए परिवार, समाज एवं मां भारती की सेवा करने की अपील की। उन्होंने क्षय रोग रहित हो भारत अपना के मित्र के रूप में एक परिवार को कीट वितरित कर शुभकामनाएं दी और सभी को क्षय रोग मुक्त हो भारत अपना का संकल्प दिलाया। सभा में नपानि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने छिंदवाड़ा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ फिडबेक करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पूरे जिले से जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, परिवार परामर्श, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, रक्तदान, स्वास्थ्य, शिक्षा, संगीत, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, आंगनवाडी शिक्षिका व सुपरवाइजर, परामर्शदाता, म.प्र. जन अभियान परिषद एवं अन्य संस्थान, दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु कार्य, स्वयं दिव्यांगजन होते हुए सामाजिक कार्य, क्रीड़ा/खेल, व्यवसाय, प्रतिष्ठान, जैविक एवं प्राकृतिक महिला कृषक, अहिंसा प्रेमी, जीव-जंतु, गौ एवं पशु रक्षा, पर्यावरण व स्वच्छता सहित अन्य साहसिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया। जिसमें श्रध्दा बघेल, अमनदीप कौर वेदी, डॉ. निधि जैन, डॉ. वैशाली गुप्ता, श्रुति अवस्थी, प्रिया ढोले, डॉ. मारिया लाल, हर्षा हिवसे, प्राची तिवारी, इरशाद अली, डेहरिया, डॉ. किरण विश्वकर्मा, मीनाक्षी श्रीवास, राशि रूपड़ा, दीप्ति शुक्ला, डॉ. कविता जैन, राधा डेहरिया आदि।

# कोरम के अभाव में रामाकोना सरपंच का निर्वाचन स्थगित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हमेशा से सुर्खियों मे रहने वाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना में गत दिनों मे सरपंच श्वेता गगन गोहेल के खिलाफ पंचो द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को लाया गया। इसके बाद बुधवार को ग्राम पंचायत रामाकोना में स्थानांपन्न सरपंच का निर्वाचन होना था, लेकिन कोरम के अभाव में उसे स्थगित कर दिया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर जिला पाण्ढुर्णा के ज्ञापन क्रमांक 137/प्रस्तुत-1/अ.वी. अ./2025 सौसर 24 फरवरी 2025 के अनुसार ग्राम पंचायत रामाकोना सरपंच पद की आकस्मिक रिक्ति होने के कारण मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 38 (ख) के अंतर्गत स्थानांपन्न सरपंच का निर्वाचन की कार्रवाई की जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से प्राप्त नोट शीट दिनांक 27 फरवरी 2025 के अनुमोदन उपरांत ग्राम पंचायत रामाकोना में स्थानापन्न सरपंच की निर्वाचन की कार्रवाई दोपहर 12.00 की गई थी।

खंड पंचायत अधिकारी के बताये अनुसार कोरम पुरा नहीं होने के कारण निर्वाचन की कार्यवाही स्थगित की गयी एवं जनपद पंचायत अधिकारी के निर्देश पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को स्थानापन्न सरपंच को लेकर पंचो को निर्वाचन के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन कोरोम पुरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित की गयी थी।

ग्राम पंचायत रामाकोना मे सरपंच के पद के लिए सामान्य महिला आरक्षण होने के कारण सरपंच महिलाओ में से ही बन सकता था वर्तमान पंचायत बॉडी मे कुल 11 महिला पंच होने के बावजूद निर्वाचन के दिन केवल 3 ही महिला पहुंच सकी जिसके बाद निर्वाचन अधिकारीयों ने कोरम के अभाव मे बैठक स्थगित की गयी।

अब रामाकोना मे ग्रामवासियो के मध्य चर्चा का विषय ये बन रहा है की अविश्वास के लिये सभी पंच एकमत होकर अविश्वास लाया गया तो फिर निर्वाचन के दिन सभी पंच एकजुट होकर महिला सरपंच का चुनाव क्यों नहीं कर पाए।

अब चर्चा ये भी है की अब बागडोर उपसरपंच के हाथो होंगी या 3 महीने के लिए प्रशासन के हाथो मे होंगी बना चर्चा का विषय बन गया है।